REFERENCE TO ALLEGED PROPAGANDA BY THE ALL INDIA RADIO AGAINST OPPOSITION PARTIES — *contd.*

**श्री राजनारायण** : श्रीमन्, मैं आपके द्वारा चन्द्रशेखर जी और धारिया जी और नवाब साहब से अपील करता हूं कि हम सब लोग डमोक्रेसी का नाम ले रहे हैं, अगर हम अपने प्रति ईमानदार हैं, तो हम जानना चाहते हैं कि जब मोहन धारिया साहब की राय है, जब चन्द्रशेखर जी की राय है, जब भूपेश गुप्त की राय है, सभी विरोधी दलों की राय है कि रेडियो की फंक्शनिंग पूर्णतः गलत है तो फिर इसमें देर क्यों हो। चन्द्रशेखर जी के साथ भी अगर रेडियो ने अन्याय किया है तो हम बर्दाश्त करने को तैयार नहीं। उस रेडियो को मैं कभी बर्दाश्त नहीं कर सकता जो कि चन्द्रशेखर के साथ अन्याय करे। चन्द्रशेखर के साथ रेडियो अन्याय करे यह मैं एक मिनट के लिये बर्दाश्त नहीं कर सकता। इसलिये हमारा पुराना प्रस्ताव हो गया। अब चन्द्रशेखर भी समर्थ हैं और भूपेश गुप्त बेचारे ने एक बात कही, मैं भूपेश गुप्त की तारीफ करता हूं, आज पहली मर्तबा उन्होंने इस सदन में कहा कि मैं डेमोक्रेसी सेंट्रलिस्ट हूं। तो हमारे और भूपेश गुप्त में यह फर्क है कि हम डेमोक्रेटिक सोशलिस्ट हैं, हम सेंट्रलिस्ट नहीं हैं. . .

**श्री निरंजन वर्मा** : राजनारायण जी, चन्द्रशेखर जी बोल रहे थे। चन्द्रशेखर जी को बोलने दीजिये।

SHRI KRISHAN KANT : Sir, on a point of order.

*(Inter)*

MR. DEPUTY CHAIRMAN : Order, please.

SHRI KRISHAN KANT : My point of order is,...

**श्री राजनारायण** : हम श्री चन्द्रशेखर के सिवाय और किसी को सुनना नहीं चाहते उनके बाद फिर हमारा डिसकशन शुरू होगा।

SHRI KRISHAN KANT : My point or order is ...

**श्री निरंजन वर्मा** : पहले चन्द्रशेखर जी का भाषण होना चाहिये।

**श्री उपसभापति** : श्री कृष्ण कान्त जी आपका क्या प्वाइंट आफ आर्डर है। राजनारायण जी, जरा बैठिये। प्वाइंट आफ आर्डर सुन लेने दीजिए।

SHRI R. S. DOOGAR: Sir, if it is to be a full fledged discussion on All India Radio then the Minister of Information and Broadcasting should be here. He is not here now.

MR. DEPUTY CHAIRMAN : What is your point of order, Mr. Krishan Kant?

SHRI KRISHAN KANT : My point of order is that all this motionless debate.

AN HON. MEMBER : How is it motionless? It is in motion.

SHRI KRISHAN KANT : There is no motion before the House...

SHRI MAHAVIR TYAGI : Mr. Deputy Chairman ........ *(Interruption)...* .in titter disgust ( beg leave to walk out.

*(At this stage, thehon. Member left the Hous .)*

SHRI A. G. KULKARNI : If Mr. M'lhavir Tyagi walks out like this at this stage, it is a censure to his leader himself.

**श्री राजनारायण** : त्यागी जी अपना बयान देकर सदन का त्याग किये हैं, इस बात पर कि यहां पर रेडियो विभाग के मिनिस्टर नहीं हैं। इतना समय जब सदन में लग गया तो यह कहना मूर्खतापूर्ण है कि "विदाउट मोशन"। मोशन हो या न हो, पूरा दिन इस बहस में लग गया और रेडियो विभाग के मिनिस्टर को नहीं बुलाया। इस पर महावीर त्यागी जी की भावना प्रज्वलित हुई और वह इस सरकार का सेन्शर करने के लिये सदन त्याग कर चले गये हैं। हमारे बधाई के पात्र हैं वह।

SHRI KRISHAN KANT : My point of order is this. There is no motion for this discussion. It is a motionless discussion. It is a purposeless discussion b nothing is before the House. The honourable Members of the Opposition say thai they will not allow a regular functioning of the House. They are undemocratic dictatorial, fascist, and that is the way they want to run this democracy. God forbid, *if some* how they come to power anywhere, this is how they would like to run the administration recklessly. For over two hours or I I 2 hours the Opposition Members have spoken one by one, three or four times each, ...

SHRI S. D. MISRA : No, no.

SHRI KRIS IAN KANT :....but we on th^ side of ihe House have not got any chance at ill....

**श्री राजनारायण** : श्रीमन्, पौइन्ट श्राफ श्रार्डर सुनिये। श्राप 4 मिनट, 5 मिनट, 6 मिनट चन्द्रशेखर जी को बोलने दीजिए।

**श्री जगदम्बी प्रसाद यादव** (बिहार): क्या यह पौइन्ट श्राफ श्रार्डर है। नो पौइन्ट श्राफ श्रार्डर।

**श्री उपसभापति** : वह मुझे डिसाइड करना है।

SHRI M. M DHARIA: Mr. Rajnarain should now i nderstand that they have flouted all the tiles and regulations of the House. So he need not tell us anything about it. We ire just following you, Mr. Rajnarain. Yoi are our leader. We shall follow you. Til you come to your senses we shall follow you.

**श्री राजनारायण** : मुझे इस बात की बड़ी खुशी है कि उन्होंने हमको लीडर मान कर हमको फालो करना स्वीकार किया। इसके लिये उनको धन्यवाद करता हूं।

SHRI KR1SI AN KANT : My point of order is ihe Members on this side of the House ilways si that there is deliberate negligence towa ds us on the part of all Ministries and Departments of the Government of India including the All India Radio and the Television because they are afraid of the bullying ind pressure tactics of the Opposition leaders because they have no other means, the Opposition people want to use the Government media for their propaganda purposes ..

**श्री जगदम्बी प्रसाद यादव** : इस हाउस में श्रापकी माइनारिटी है।

SHRI KRIS TAN KANT : So, Mr. Deputy Chairman, you have to see whatever little justice you :an do to us in the House, is done. Many o ' us never figure in the All India Raio or :<n the Television because of the Oppositk n and the way they behave and the speechal they make here. All the speeches they make here are political speeches They are not merely the criticism of the All India Radio. So many times Mr. Rajnarain was getting up and saying something or other. When Mr. Chandra Shckhar was saying something, Mr. Rajnarain got up and said that he should be allowed to give a reply to what Mr. Chandra Shekhar was saying. So this side of the House has very little opportunity. I hope you will come to the protection of Members on this side of the House so that they also may be able to put forth their points of view which should also be known to the country outside. The minority opposition should not try to bamboozle us like this. So, Mr. Deputy Chairman, after this all speakers must be from this side, otherwise, justice will not be done.

SHRI AKBAR ALI KHAN : You told me that you will call me after that.

SHRI GODEY MURAHARI : Shri Menon was trying to catch your attention again and again.

MR. DEPUTY CHAIRMAN : I will call him after Shri Akbar Ali Khan.

SHRI GODEY MURAHARI : First you call Shri Menon.

**श्री उपसभापति** : श्रापके पहले से ही श्री श्रकबर श्रली खान खड़े हैं। पहले उनका प्वाइन्ट श्राफ श्रार्डर सुन लीजिये।

**श्री राजनारायण** : इनसे भी पहले मैनन साहब खड़े हैं श्रौर वे एक पार्टी को रिप्रेजेन्ट करते हैं। श्री श्रकबर श्रली खान साहब पैनल में हैं, इसलिये श्राप उन्हें बुलाना चाहते हैं, यह उचित नहीं है।

SHRI GODEY MURAHARI : Why don't you give him an opportunity ? This is very wrong. We cannot tolerate this. Just because Shri Akbar Ali Khan happens to be from the ruling party, you want to call him first. Shri Menon happens to be from the opposition party and therefore you do not want to call him.

MR. DEPUTY CHAIRMAN : Only two or three persons have spoken from this side. A number of speakers have spoken from the opposition side.

SHRI GODEY MURAHARI : Shri Menon's party has not spoken at all.

SHRI M. S. GURUPADASWAMY (Mysore) : I would also like to speak.

MR. DEPUTY CHAIRMAN : You will find from the records that the time consumed by the opposition members is least three or four times the time consumed by (his side. Some of you have spoken a number of times.

SHRI K. P. SUBRAMANIA ME-NON (Kerala) : Nobody from my party has spoken.

MR. DEPUTY CHAIRMAN : You will get a chance after Shri Akbar Ali Khan.

SHRI AKBAR ALI KHAN : I am speaking in great anguish, with a great pain and with great distress. I do not want to go into any other discussion. May I request you and through you to the whole House and particularly to the opposition that this calling attention notice is very important and it has international significance and therefore should be proceeded with immediately? Let us finish it and after that, according to your motion, let us proceed to discuss other subjects. Now there is no motion and if you establish a precedent and discuss some subject without motion and without permission, yon will be setting up a very bad precedent. I have no objection in your discussing the All India Radio. You can say what you like. You have already discussed it in the last session for two hours. But let there be some procedure for that. 1 would request the House and especially the opposition leaders to finish with the calling attention first. I would request you to give your decision on the point raised by me.

SHRI K. P. SUBRAMANIA MENON : Mr. Deputy Chairman, 1 have been listening to this discussion on the conduct and the working of the All India Radio for some time with utter confusion. I will tell you the reaction which some of us feel at the All India Radio. *(Interruption).*

Sir, I will tell you our reactions to the All India Radio.

*(Interruptions)*

SHRI KRISHAN KANT : Is this a point of order?

SHRI K. P. SUBRAMANIA MENON : Yes, it is a point of order.

*(Interruptions)*

MR. DEPUTY CHAIRMAN : All right, please.

SHRI K. P. SUBRAMANIA MENON : Sir, as you know, our party and the people who follow us, the working class, the peasantry, the poor agricultural labour, are out of the pale. As you know. Sir, we do not come under the definition of what the bourgeoisie landlords call it, the respectable parliamentary democracy and all the trappings that go with it. You will realise that in this country millions of people have been suffering. What does this All India Radio do? What importance does it give? Millions of un-employed youth are thrown all over I he country. Does the All India Radio give attention to it ?

*(Interruptions)*

MR. DEPUTY CHAIRMAN : What is the point of order?

SHRI K. P. SUBRAMANIA MENON : Sir, this All India Radio, in common with all the other media of mass communication in the country, has been the vehicle of the thought, of the action and of the propaganda of the moneyed classes and the monoplists and the big capitalists and the big landlords in this country. *(Interruptions).* It has never served the people of this country; it has never served the working classes of this country; it has never served the agricultural labour in this country; and it can never serve those as long as the State apparatus, as long as the sham parliamentary democracy, as long as the whole communication system and the mass media, are controlled by the people who hold money and who can mould public opinion.

*(Interruptions)*

MR. DEPUTY CHAIRMAN : Please conclude now.

SHRI K. P. SUBRAMANIA MENON : You know, Sir, our party has been one of victims of this sort of propaganda by the All India Radio. You know. Sir, four or five years back, our party was branded as Chinese agents and this All India Radio, day in and day out, three or four times a a day, has been making that shame nonsense. Sir, 1 do not hear the radio and many people who follow me do not care for it also and they do not believe in it also, because it is a shameless organ of class rule in this country and we know it and it cannot be changed.

*(Interruptions)*

MR. DEPUTY CHAIRMAN : What is the point of order?

SHRI K. P. SUBRAMANIA MENON : Sir, one or two instances I will quote. In the recent Kerala elections, you will be astonished to note the crime perpetrated by this All India Radio. In the recent elections. Sir, in the case of Shri E. M. S. Namboodripad, this All India Radio pro-pagated five times or six times in its Hindi version that he had almost been defeated, that by 230 votes this man is leading and by 520 votes that man is leading and so on

and this went i >n up to 9 o'clock at night... *(Interruptions).* Now, Sir, our difficulty is that we do not have much of an expectation from the All 1 sdia Radio or from the monopoly Press or from other sections. It is true that some sections of this House have got those expectations and therefore, it is necessary tint this All India Radio, how it works, how it functions, what are the forces behind it, what are the powers which control it, \vh. *i* are the motivations of the people who operate h, etc. have to be gone into thorough! , and therefore, Sir, .. .

MR. DEPl TY CHAIRMAN : What is the point of order now?

SHRI K. P. SUBRAMANIA MENON : Therefore, Sir, the point that is made here is (hat there should be an all-party enquiry. I agree with that, Sir. But even an all-party committee cannot do much, because there also the groups of bourgeoisie landlords will be There. . .*(Interruptions).* But, within the limitations of the all-party committee, I agree, there should be an enquiry. 1 have no hi sitation in supporting the motion.

**श्री जगदम्बी प्रसाद यादव** : श्रीमन, मुझे कहना पड़ता है कि आज दिन भर के प्रयास के बावजूद भी हमारी सरकार की इच्छा यह नहीं हुई कि वह यह कहे कि जो रेडियो का सचमुच कार्यकलाप है, उसकी जांच सदन के सदस्यों द्वारा हो और यह ठीक वैसी ही बात है जैसा कि कहा जाता है कि 'चोर की दाढ़ी में तिनका'। जो कोई दोष करेगा और अगर उसको ठीक से देखा जाए तो वह नजर में आएगा और जो उनकी कार-गुजारी चल रही है, वह रोकी जाएगी। आज श्रीमन्, आल इन्डिया रेडियो के नाम से जिसको सब जानते हैं, वे इस बात को मान कर चलते हैं कि उसका संचालन जिनके हाथों से होता है—श्रीमान गुजराल जी के लिए कहा जाता है—इस प्रचार तन्त्र के युग में हिटलर का नाम बहुत आया है, लेकिन सचमुच आल इन्डिया रेडियो की ब्राडकास्ट को अगर देखा जाए तो ऐसा लगेगा कि हिटलर को महान और विजय बनाने के लिए गोबेल ने जितना गलत प्रचार किया, उसी तरह से गलत प्रचार इस आल इन्डिया रेडियो ने किया है। आप श्रीमन्, एक-एक आइटम को ले लीजिए कि किस प्रकार बैंक नेशनेलाइजेशन का प्रचार हुआ, डी-रिकगनीशन आफ दि रूलर्स के बारे में प्रचार हुआ और इसी तरह की जो दूसरी नीतियां थीं, उन सबका प्रचार किस प्रकार से किया। उस प्रचार में जो तथ्य सत्य नहीं थे, उन तथ्यों को दिखलाया गया कि किस प्रकार रिक्शा वालों ने, टैक्सी वालों ने और स्कूल के अध्यापकों ने बैंक नेशनेलाइजेशन का स्वागत किया। मैं जानना चाहता हूं कि बैंक नेशनेलाइजेशन से सचमुच कितने टैक्सी ड्राइवरों को अपनी टैक्सियां खरीदने के लिए बैंकों से पैसा मिला, कितने रिक्शा वालों को सचमुच अपनी रिक्शा बनाने के लिए रुपया मिला और कितने शिक्षकों को बैंक नेशनेलाइजेशन होने से रुपया मिला। जितना प्रचार किया जाता है उतना लोगों को फायदा नहीं मिला। इसके बाद आप देखिये कि इस सदन में इन्दिरा जी का कान्सटीट्यूशन एमेंडमेंट बिल जब गिर गया, तो किस तरह से उसका प्रचार करने का प्रयास किया गया। सचमुच अगर देखा जाए तो ऐसा लगता है कि यह आल इन्डिया रेडियो इस सदन की मर्यादा का हनन करता है। ऐसी स्थिति में भारत का जो संविधान बनाया गया है और भारत में जो प्रजातन्त्र को मान्यता दी गई है, उस मान्यता का यह आल इन्डिया रेडियो हनन कर रहा है। इस पर अगर विचार नहीं किया गया और इसको इसी प्रकार दिन रात बढ़ने दिया तो सचमुच जैसा कि एक माननीय सदस्य ने कहा था कि इस तरह से प्रचार नार्कोलाइट्स से ज्यादा हानिकारक होगा। प्रजातन्त्र सचमुच में विचारधारा का पोषक होता है। एक विचार को सुना जाता है और दूसरा विचार उसको ग्रहण करता है। प्रजातन्त्र के हिसाब से इस सदन की जो मर्यादा है और इस सदन के जो विचार हैं, उनको प्रतिपादित करने का माध्यम हमारा आल इन्डिया रेडियो ही है, लेकिन आल इन्डिया रेडियो एक ऐसा रेडियो हो गया है, जोकि लगातार कांग्रेस रूलिंग पार्टी का एक प्रचार यंत्र सा बन गया है। आज एक सदस्य ने इस पर तोहमत लगाई है कि आल इंडिया रेडियो सचमुच में रूलिंग कांग्रेस का और कुछ चुनीदा लोगों का ही प्रचार तंत्र हो रहा है। इसलिए इसके हर तथ्य पर विचार करना

[श्री जगदम्बी प्रसाद यादव]

आवश्यक है। तो ऐसा लगेगा कि उसमें कुछ खराबी आ गयी है । इस खराबी का निदान आवश्यक है । सदन के नेता ने भी डरते-डरते इस बात को स्वीकार कर लिया है और हमारे वरिष्ठ मंत्री महोदय ने भी इस ओर इंगित किया। मोहन धारिया जी ने भी इस बारे में अपनी स्वीकृति दी और अपोजीशन के सदस्यों ने तो इस बारे में एक मत जाहिर किया कि इस आल इंडिया रेडियो की जांच होनी आवश्यक है । श्रीमन्, अगर विचार के लिए कोई प्रश्न था, तो केवल आपके सामने यह प्रश्न था कि इस बारे में क्या किया जाना चाहिए । जब सदन के सारे सदस्यों ने इस बारे में एक मत प्रकट किया तो भी सरकार के कान इस विषय में खड़े नहीं हुए । सारा दिन इसी विषय पर चर्चा होती रही और इसलिए आपकी रूलिंग इस पर होनी चाहिए थी, आपको सरकार को बाध्य करना चाहिए था कि सदन के सदस्यों की मर्यादा के लिए और सारा सदन जब चाहता है तो हर हालत में सभी सदस्यों की, सभी पार्टियों की एक समिति इसके लिए बना दी जाये और वह जांच करे कि सचमुच में यह आल इंडिया रेडियो ठीक से चल रहा है या नहीं । श्रीमन्, यह दु:ख के साथ कहना पड़ता है कि इस प्रकार की एक साधारण बात के लिए भी सदन के सम्मानित सदस्यों को इतना रिजिस्ट करना पड़ा। यह जो रेडियो प्रचार कर रहा है इसको देखा जाये कि वह कितना गलत प्रचार कर रहा है । आज जिस ढंग से यह बात रखी गयी है और अपोजीशन के सदस्यों ने और दूसरे सदस्यों ने जो इस संबंध में बातें कही हैं, मैं समझता हूं कि हमारा आल इंडिया रेडियो उनको भी सही ढंग से नहीं रखेगा और वह वही एनाउन्स करेगा जो इस बारे में रेडियो के प्रचार मंत्री कहेंगे । जिस प्रकार से प्रातः उन्होंने यहां जवाब दिये हैं उसमें उन्होंने रेडियो का बचाव नहीं किया था, बल्कि उसमें दूसरे दलों पर उन्होंने कीचड़ उछालने का प्रयास किया था और इसलिए इस सदन को जो डेमोक्रेसी की रक्षा करने वाला है, उसको अधिकार है, होना चाहिये कि इस रेडियो की, जो सरकारी खर्चे पर चलता है, उसकी जांच करे कि सचमुच वह चलने लायक है या नहीं । इसलिए मैं पुनः पुनः आपसे आग्रह करूंगा कि आप सरकार को बाध्य करें कि सरकार इस बात को मान्यता दे और सब लोगों को साथ बैठा कर इसकी जांच कराये । जहां भी कभी गड़बड़ होती है उसकी जांच होती है और ऐसे कई मामले इस सदन में आये हैं और उनके बारे में कई बार सदन के सदस्यों ने अपनी मंशा जाहिर की है । सदस्यों ने कई बार कहा है कि रेडियो ठीक से काम नहीं करता । जिस प्रकार हमारी सरकार रूस की सेटेलाइट हो गई है, उसी प्रकार हमारा रेडियो भी । जिस प्रकार हम मंत्री जी से पूछते हैं कि मैप्स के बारे में क्या हुआ और वे जवाब देते हैं कि हमने रिप्रेजेंटेशन दिया है, मानो कोई छोटा अधिकारी किसी बड़े अधिकारी को रिप्रेजेंटेशन भेज रहा हो । किसी देश की किसी बात से हमारा विरोध है तो हम उसका विरोध करेंगे, हम उसके लिए प्रोटेस्ट करेंगे, लेकिन उसके लिए हमको रिप्रेजेन्टेशन नहीं देना चाहिये । रेडियो को तो सरकार का और जनता का दोनों का माउथपीस होना चाहिए, लेकिन ऐसा न हो कर आज वह पार्टी का और एक पार्टी के कुछ खास लोगों का काम कर रहा है । इसलिए मैं बार-बार आपसे आग्रह करूंगा कि इस आल इंडिया रेडियो की, जिसका नाम भी जनता जनार्दन ने बदल दिया है, जांच आवश्य होनी चाहिए और इसके लिए पार्लियामेंट की एक कमेटी बैठे, इसके अलावा और कोई रास्ता इस सदन को दिखायी नहीं देता । इसलिए मैं फिर वि-नम्रता-पूर्वक आग्रह करूंगा कि इसकी जांच आवश्यक है । आज सांप्रदायिक दंगे होते हैं और उन दंगों को स्वयं करा कर यह पार्टी रेडियो के द्वारा ऐसा प्रचार कराती है, जिससे दूसरों पर कीचड़ उछलती है । पेपर भी उन के चलते हैं और रेडियो तो उनके हाथ में है ही । प्रजातन्त्र में निष्पक्ष चुनाव की बात हो तो उसमें सरकार को चुनाव के पहले अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए ।

**श्री उपसभापति** : अब आप बैठिये ।

**श्री निरंजन वर्मा** : श्रीमन्, अभी तो उन्होंने शुरू ही किया है ।

**श्री जगदम्बी प्रसाद यादव** : प्रजातन्त्र में चुनाव की पद्धति तभी ठीक हो सकती है कि जब चुनाव के पहले सरकार अपने पद से इस्तीफा दे दे । आज हम इसी लिए रेडियो की बात कहना चाहते हैं । अगर सरकार के हाथ में ही रेडियो रहा, तो चुनाव में प्रचार के साधन सभी पार्टियों को उतने नहीं मिल सकेंगे, जितने कि मिलने चाहियें । कांग्रेस रूलिंग पार्टी है, उस का प्राइम मिनिस्टर होगा और दूसरे कांग्रेस पार्टी के नेता भी होंगे और वही रेडियो के द्वारा भाषण दिया करेंगे कि हम जनता के लिये यह-यह करना चाहते हैं और यहां पर जनतन्त्र की दुहाई देने के लिए दूसरी पार्टियां भी इस साधन को चाहेंगी । लेकिन यह रेडियो दूसरी पार्टियों के बारे में शायद नाम मात्र को ही कुछ जिक्र कर दे, कुछ उनके बुनियादी उसूलों को और घोषणा पत्रों को बता दे, कुछ उनका जिक्र कर दे दो मिनट के लिये तो बहुत है, लेकिन सभी मिनिस्टरों की बातों को प्रसारित करेंगे, सभी मिनिस्टरों की बातों को बार-बार कहेंगे, यह एनांउस होंगी, इसलिये चुनाव के पूर्व ही अगर यह सरकार इस्तीफा दे देती है तो रेडियो भी शायद कुछ काम कर सकता है । आपको, श्रीमन्, मालूम है कि रेडियो चुनाव के समय बहुत महत्वपूर्ण पार्ट अदा करता है । जो चुनाव 1971 के मार्च में होने वाला है, जिसके लिये बार-बार इंकार किया जाता है और कभी-कभी इन्कार उसकी स्वीकारोक्ति भी होती है, उसके सम्बन्ध में अगर इस रेडियो का अभी से इंतजाम नहीं किया गया तो फिर सभी विचारधाराओं का जो प्रचार और प्रसारण रेडियो से होना चाहिये वह नहीं होगा और इस रेडियो से उस प्रचार का मौका नहीं मिलेगा और उस समय जबकि गोएबिल्स ऐसे आदमी इस रेडियो का संचालन करते हों और इस रेडियो के द्वारा अपना और अपनी प्रधान मंत्री का रात दिन गुणानुवाद करते हों तो ऐसे रेडियो का और कोई दूसरा काम नहीं होता है। श्रीमन्, आपको यह सुन कर आश्चर्य होगा कि आज भारत की सही स्थिति कोई जानना चाहता है, तो उसे यहां के रेडियो को नहीं बल्कि बाहर के रेडियो को सुनना पड़ता है, इससे बड़ी लानत की बात और क्या हो सकती है । हमारा रेडियो जिस पर हमें गर्व है, जिस पर हम इतना खर्चा कर रहे हैं, उस पर हम भरोसा नहीं करें और बाहर के रेडियो पर भरोसा करें । क्या यह हमारे लिये बहुत बड़े लांछन की बात नहीं है ? क्या यह हमारे स्वाभिमान के अनुकूल है, क्या यह इसकी जांच के लिये चुनौती नहीं देता है ?

**श्री उपसभापति** : आपको 20 मिनट हो गये और अभी आपका प्वाइंट आफ आर्डर ही चल रहा है ।

**श्री निरंजन वर्मा** : वह मांग कर रहे हैं कि एक कमेटी बननी चाहिये, इसलिये वह यह कह रहे हैं।

**श्री उपसभापति** : प्वाइंट आफ आर्डर वह कह रहे थे और 20 मिनट से ज्यादा ले लिया ।

**श्री जगदम्बी प्रसाद यादव** : यह प्वाइंट आफ आर्डर आज इस बात का है कि यह आल इंडिया रेडियो जो है जिसका नाम आल इंदिरा रेडियो है, उस रेडियो की कार्यवाहियों की जांच के लिये एक कमेटी हो और इसके लिये यह प्वाइंट आफ आर्डर है । श्रीमन्, आज यह सदन में सबसे बड़ा प्वाइंट आफ आर्डर है और उसी प्वाइंट आफ आर्डर से यह डिसकशन सम्बन्ध रखता है । इसलिये, श्रीमन्, प्वाइंट आफ आर्डर का जो दायरा था, वह दायरा आज सचमुच में विस्तृत हो गया है ।

**श्री उपसभापति** : 20 मिनट हो गये हैं, अब आप बैठिये ।

**श्री जगदम्बी प्रसाद यादव** : इसी प्वाइंट आफ आर्डर ने, श्रीमन्, चन्द्र शेखर जी को अनेक पार्टियों के उपर कीचड़ उछालने का मौका दिया है ।

**श्री उपसभापति** : सभी लोगों ने यह किया है। चन्द्र शेखर जी को ही क्यों दोष देते हैं । सभी लोगों ने यही काम किया है ।

**श्री निरंजन वर्मा** : सभी ने नहीं किया है।

**श्री जगदम्बी प्रसाद यादव** : श्रीमन्, आज आप बाहर जा कर देख सकते हैं कि कौन अच्छा है और कौन खराब है, कौन वास्तव में अब कांग्रेस है और कौन वास्तव में कांग्रेस नहीं है, कौन अधिक डेमोक्रेटिक है, कौन अधिक सोशिलिस्ट है। यह बाहर में जा कर देख सकते हैं। यह रेडियो वाजिबी बात का प्रचार नहीं करता है, उसकी घोषणा नहीं करता है तो उसकी जांच होनी चाहिये। इसीलिये मैंने कहा था, श्रीमन्, कि इस देश की सारी सत्ता जनता-जनार्दन में निहित है और आप यह देखें कि वह जनता-जनार्दन इस रेडियो के प्रति क्या विचार रखती है। आल इंडिया रेडियो के बजाय दूसरे देश के रेडियो को अगर वह सुने तो वह शर्म की बात है। सचमुच में आश्चर्य होता है कि जब कभी चुनाव का रिजल्ट घोषित किया जाता है तो अगर कोई विरोधी चुनाव जीत गया तो बहुत मुश्किल से किसी समय बहुत धीरे से एक बार कह दिया जायेगा और अगर कोई प्रमुख विरोधी हार गया तो फिर रात दिन जितनी बार भी मौका मिलेगा यह रेडियो उसकी घोषणा करेगा। इसका जनता-जनार्दन पर जो प्रभाव पड़ता है, रेडियो के माध्यम से जो जनता-जनार्दन पर गलत प्रभाव डाला जाता है, यह प्रजातन्त्र के लिये बहुत ही घातक बात है।

**श्री उपसभापति** : अच्छा अब आप बैठ जाइये। काफी समय आपने ले लिया, आपने 22 या 23 मिनट ले लिये हैं।

**श्री जगदम्बी प्रसाद यादव** : श्रीमन्, मैं तो आपसे एक ही निवेदन करना चाहूंगा . . .

**श्री निरंजन वर्मा** : श्रीमन्, वह एक प्वाइंट पर आपका ध्यान आकर्षित कर रहे हैं, उनका बड़ा महत्वपूर्ण भाषण है।

**श्री उपसभापति** : यह बात सही नहीं है। आप कुछ कहने का मौका चाहते थे वह दिया, सब ने तीन मिनट या पांच मिनट में खत्म कर दिया और आपने 22 या 23 मिनट ले लिया है। यह ठीक नहीं है।

**श्री चन्द्रशेखर** : अगर इसी तरह चलना है तो मैं इसके लिये तैयार हूं, जनसंघ से कोई बोल नहीं पायेगा; क्योंकि मेरी स्पीच अनफिनिश्ड है, मगर मेरे भाषण को रोकने के लिये माननीय यादव जी यह कला अपना रहे हैं जबकि मैंने कहा कि उनको भी प्वाइंट आफ आर्डर रेज़ करने दिया जाये। श्री निरंजन वर्मा भी नेता हो कर कहते हैं कि यह प्वाइंट आफ आर्डर चलेगा घंटे भर। अगर यह एक घंटा भर चलेगा तो चलाइये।

**श्री निरंजन वर्मा** : हमारा यह इरादा नहीं है, प्वाइन्ट आफ आर्डर से आपको रोकने का।

**श्री चन्द्रशेखर** : हम प्वाइन्ट आफ आर्डर पर नहीं बोल रहे थे। यकायक लोग प्वाइन्ट आफ आर्डर रेज करना शुरू किये, हमारी स्पीच को रोकने के लिये। अगर यादव जी को ऐसे खड़ा किया तो याद रखिये, यह परम्परा सबके लिये होगी।

**श्री जगदम्बी प्रसाद यादव** : मैं आपके भाषण को रोकने के लिये नहीं बोल रहा हूं। मैंने सिर्फ आपके भाषण का रेफरेन्स दिया है।

**श्री निरंजन वर्मा** : मैं अपने योग्य मित्र चन्द्रशेखर जी को आश्वासन दिलाता हूं कि हमारा उद्देश्य यह नहीं था कि उनका जो महत्वपूर्ण भाषण होने वाला था, उसमें किसी प्रकार से बाधा डाल कर रोकें। हम मानते हैं कि उनका भाषण एक घंटे का न होकर एक दो मिनट में भी संक्षेप में ऐसा होता है कि हम सुनने के लिये लालायित रहते हैं। फिर आप यह कल्पना क्यों कर बैठे?

**श्री उपसभापति** : मिस्टर यादव, आपको प्वाइन्ट आफ आर्डर पर बोलने 25 मिनट से ऊपर हो गये। अभी दो मिनट में खत्म कीजिए।

**श्री जगदम्बी प्रसाद यादव** : हम उनको भाषण के बीच में रोकने के लिये या उनके भाषण के खिलाफ नहीं खड़े हुए। मैं भी उनका भाषण सुनने के लिये हमेशा इच्छुक रहता हूं। मैंने तो साधारण रूप में कहा था . . .

**श्री उपसभापति** : ठीक है, आपने 25 मिनट से ऊपर ले लिये, अब बैठ जाइये।

**श्री जगदम्बी प्रसाद यादव** : श्रीमन्, एक स्पेशल रिक्वेस्ट करके समाप्त करना चाहता हूं। आज सदन में जो दिन भर की कार्यवाही का निचोड़ निकाल कर, आल इंडिया रेडियो पर जांच कराने के लिये सर्वदलीय सम्मेलन बुलाने की व्यवस्था करें।

**श्री चन्द्रशेखर** : माननीय उपसभापति महोदय, मैं निवेदन यह कर रहा था कि माननीय सदस्यों ने यह कहा कि मैं क्यों विरोध करता हूं ...

**श्री जगदम्बी प्रसाद यादव** : आप कहां कर रहे हैं विरोध ?

**श्री चन्द्रशेखर** : नहीं, आपने कहा, क्यों नहीं मान लेते हैं कमेटी की बात। इसके लिये मैं माननीय राजनारायण जी से निवेदन कर रहा था। माननीय मेनन जी नहीं हैं, उनकी शंका से मैं सहमत हूं, जिस तरह की पार्टियां आज इस सदन के अन्दर है, वह पार्टियां क्या जन भावनाओं को, जन आकांक्षाओं को व्यक्त करती हैं ? मैं यह मानता हूं कि आकाशवाणी जनता की पूरी वेदना को प्रतिबिम्बित नहीं करती, मैं यह भी मानता हूं कि आकाशवाणी शोषित, पीड़ित, लांछित, मानवता के प्रति सहानुभूति नहीं करती, लेकिन में माननीय मेनन जी से कहना चाहता हूं, पिछले एक, डेढ़ वर्षों में जो देश की राजनीति में परिवर्तन हुआ है, जो यहां की कार्य पद्धति में परिवर्तन हुआ है, उसके कारण आकाशवाणी की नीति में भी परिवर्तन हुआ है। उस परिवर्तन से जैसे मेनन साहब संतुष्ट नहीं हैं वैसे मैं भी संतुष्ट नहीं हूं, मैं उन शंकाओं में पूर्ण रूप से विश्वास करता हूं और मैं राजनारायण जी से निवेदन करूंगा—कोई व्यंग या कटाक्ष के तौर पर नहीं कह रहा—मैं मानता हूं कि आज कांग्रेस पार्टी पूरे समाजवाद की ओर द्रुतगति से नहीं जा रही है, लेकिन इतना तो आप मानेंगे उपाध्यक्ष महोदय, कि थोड़ा जो परिवर्तन हुआ है उसका जरा सा परिलक्षण अगर आकाशवाणी में हो रहा है तो आज जितनी स्थिर स्वार्थों के दल हैं, जितनी ऐसी प्रवृत्तियां हैं, जो देश में संकीर्णता को, दकियानूसी ख्यालात को कायम करना चाहती हैं, आज उनके कान खड़े हो रहे हैं।

माननीय उपसभापति महोदय, आज मुझे पंडित जवाहरलाल नेहरू की एक बात याद आती है। उन्होंने कहा : संसदीय जनतंत्र का एक अभिनव प्रयास हम इस देश में कर रहे हैं, लेकिन हम नहीं जानते यह संसदीय जनतंत्र सफल होगा या नहीं। माननीय पंडित नेहरू ने कहा था कि यदि संसद् के जरिए आमूल परिवर्तन का प्रयास किया जाता है तो यह स्थिर स्वार्थों के आगे अवरोध बन जाता है।

**श्री राजनारायण** : सुनिये, यह कांस्टीट्यूशन किसने बनाया ? अनावश्यक प्रलाप क्यों करते हैं ? उस समय कांग्रेस सर्वेसर्वा थी, जो नेहरू जी चाहते थे कर सकते थे। आज देश में जो भ्रष्टाचार है, गड़बड़ी है, बलात्कार है वह नेहरू जी के जरिए है, नेहरू जी के पीछे सर्वेसर्वा 97 फीसदी जनता थी, लेकिन नेहरू जी ने क्यों नहीं समाजवाद स्थापित किया, जमींदारी भंग कर दी ,राजाओं को भंग करदिया—मीठा-मीठा गप्प, कड़वा-कड़वा थू। अनावश्यक प्रलाप में न पड़े चन्द्रशेखर जी।

मैं आपकी इज्जत करता हूं इसका मतलब नहीं कि आप अनर्गल प्रलाप करें इस सदन में।

**श्री चन्द्रशेखर** : उपसभापति जी, मैं यह कह रहा था कि श्री राजनारायण जी के अपने विचार हो सकते हैं। श्री राजनारायण जी जानते हैं कि संविधान के प्रति मेरे क्या विचार हैं। श्री राजनारायण जी यह भी जानते हैं कि आज भी जो संविधान है उससे मैं सहमत नहीं हूं और इस तरह से मैं चाहता हूं कि संविधान में आमूल परिवर्तन होना चाहिये। इसलिये मैं चाहता हूं कि श्री राजनारायण जैसे मित्र इसमें हमारा सहयोग करें, लेकिन अफसोस है, दुःख है कि श्री राजनारायण जी ऐसी शक्तियों के साथ मिल रहे हैं।

(*Interruptions*)

**श्री राजनारायण** : जिस समय प्रिवी पर्स का बिल आया था, उस समय राजनारायण जेल से आया था और उसमें उसने संशोधन रखा था। तुम्हारी इन्दिरा रानी ने हमारे संशोधन का विरोध किया। तुम हमारे बारे में बात करना चाहते हो। मैं यह कहना चाहता हूं कि हमारे प्रिवी पर्स के संशोधन को तुम्हारी इन्दिरा ने क्यों नहीं माना ? वह राजाओं के साथ खेलना चाहती थी और इसीलिये वह हमारे संशोधन का विरोध करती रही। हम उस समय जेल में थे, फिर भी हम अपनी बात कहने और संशोधन

**[श्री राजनारायण]**

रखने के लिये आये और फिर भी तुम हमारी बात करते हो।

**श्री चन्द्रशेखर :** श्री राजनारायण जी जो यह कह रहे है, उनके लिए मै उनकी भूरि-भूरि प्रशंसा करता हूं।

**श्री राजनारायण :** हमने संशोधन पेश किया और उन्होंने हमारे संशोधन का विरोध किया।

**श्री चंद्रशेखर :** मै यह कह रहा था कि उस समय प० जवाहरलाल नेहरू ने यह कहा था कि जिस समय थोड़ा भी परिवर्तन का प्रयास किया जायेगा, तो स्वार्थी पार्टियां सारा संविधान को समाप्त करने की कोशिश करेंगी। अगर आज आकाशवाणी कोई क्रान्तिकारी काम करती है...

**श्री राजनारायण :** श्री चन्द्रशेखर नेहरू की बात करते है, जिसने बीजू पटनायक को और उससे सैकड़ों रुपया लेकर अपने परिवार को दिया। वह आज सब जगह फैक्टरी खोलता जा रहा है, यह क्या तमाशा है? नेहरू ने देश में भ्रष्टाचार को फैलाया। (*Interruptions*) मै हिम्मत के साथ कहता हूं कि आज नेता सुभाष चन्द्र बोस कहां है? श्री लाल बहादुर शास्त्री जी की मृत्यु की जांच क्यों नहीं कराई जा रही है? डा० लोहिया की मृत्यु की इन्क्वायरी क्यों नहीं हो रही है। आज प्रधान मंत्री इन लोगों की हत्या करने की भागीदार है। जब श्री चन्द्रशेखर इस तरह की बात बोलते हैं तो मुझे दुःख होता है। इतने दिनों श्री चन्द्रशेखर हमारे साथ रह कर भी कुछ सीखे नहीं।

**श्री चन्द्रशेखर :** उपसभापति महोदय, मैं यह निवेदन कर रहा था कि आकाशवाणी जनता के पैसों से चलती है, जनता की भावनाओं को प्रतिबिम्बित करना इस आकाशवाणी का कार्य है। मैं यह मानता हूं कि आकाशवाणी शोषित पीड़ित, लांछित और अपेक्षित प्राणियों की भावना का साधन होना चाहिये। आज यह नहीं है। आज संसदीय जनतंत्र में हमको तरह-तरह का समझौता करना पड़ता है। ऐसे लोग जो इस सदन में कह सकते है कि हमें सही खबर सुनने के लिए दूसरे देशों के रेडियो को सुनना पड़ता है, इससे बढ़ कर अधःपतन क्या हो सकता है। ये लोग मास्को रेडियो के खिलाफ है और आकाशवाणी के खिलाफ है। उनको तो सही खबर मिलती है बी० बी० सी० से और वायस आफ अमेरिका से। यह क्यों हो रहा है और इस सदन में इस तरह की बातें क्यों कही जा रही है? मै समझता हूं कि आकाशवाणी के विरुद्ध आलोचना हो, लेकिन देश का पुरुषार्थ इतना गिर गया हो, इतना मर गया हो, जिसको अपने देश की भावनाओं पर, अपने देश के साधनों पर और अपने देश के संस्थाओं पर आस्था न हो, ऐसे लोगों को इस संसदीय जनतंत्र में एक मिनट के लिए भी सदन के अन्दर नहीं रहना चाहिये।

**श्री राजनारायण :** चन्द्रशेखर मास्को रेडियो की तारीफ कर रहे हो और मुल्क को कम्युनिस्टों के हाथ में सौंप रहे हो।

(*Interruptions*)

**श्री चन्द्रशेखर :** उपसभापति जी, आकाशवाणी में जो थोड़ा परिवर्तन हुआ है, उसको ये लोग रोकना चाहते है।

(*Interruptions*)

**श्री राजनारायण :** यह सब मास्को के लिए हो रहा है, रूस के लिए हो रहा है और हम इस चीज को बर्दाश्त नहीं कर सकते है।

**श्री चन्द्रशेखर :** चाहे उसके लिए कितना ही विरोध हो, राष्ट्रीय नीतियों का प्रतिपादन आकाशवाणी को करना पड़ेगा।

**श्री राजनारायण :** रूस के लिए होंगे भूपेश गुप्त और देश के लिए होंगे हम।

**श्री चन्द्रशेखर :** मै न भूपेश गुप्त से द्वेष रखता हूं, न राजनारायण जी से कोई द्वेष रखता हूं, मुझे किसी से व्यक्तिगत रागद्वेष नहीं है।

**श्री राजनारायण :** आपने मास्को रेडियो की तारीफ की।

**श्री चन्द्रशेखर :** राजनारायण जी, न मैंने मास्को रेडियो की तारीफ की, न मैं मास्को रेडियो की तारीफ करता हूं और न किसी और रेडियो की तारीफ करता हूं। अगर मै तारीफ

करता हूं तो भारतीय आकाशवाणी की तारीफ करता हूं। उपसभापति महोदय, मैं आपसे कहना चाहता हूं कि समाज में परिवर्तन हो रहा है और राजनारायण जी से निवेदन करूंगा...

**श्री राजनारायण** : यही परिवर्तन हो रहा है कि प्रधान मंत्री अपने बेटे को लाइसेंस दे रही हैं। शर्म से डूब कर नहीं मर जाते और बात करते हो कि यह परिवर्तन हो रहा है। संसद् सदस्यों का भत्ता बढ़ रहा है, यह परिवर्तन हो रहा है, शोषित, पीड़ित जनता उपेक्षित है, यह परिवर्तन हो रहा है, हरिजन मारे जा रहे हैं, उनको कत्ल किया जा रहा है। इस परिवर्तन को अच्छा परिवर्तन कहते हो। इन्दिरा को डिक्टेटर बनाना चाहते हो।

**श्री चन्द्रशेखर** : राजनारायण जी को एक बीमारी है, उसका इलाज मेरे पास नहीं है।

**श्री राजनारायण** : मुझको इन्दिरा की बीमारी है, तुमको मेरी बिमारी है।

**श्री चन्द्रशेखर** : मैं दुनिया में किसी व्यक्ति को इतना महत्वपूर्ण नहीं मानता कि वह सामाजिक प्रगति को पीछे ले जा सकता है। राजनारायण जी, आप अपनी सामर्थ्य में विश्वास नहीं रखते, इसलिये आप हीन-भावना ग्रस्त है। मैं इसलिए यह कह रहा हूं कि चाहे चन्द्रशेखर परिवर्तन लाए, या न लाए, चाहे इन्दिरा गांधी परिवर्तन लाए या न लाए, कांग्रेस पार्टी परिवर्तन लाए या न लाए, सामाजिक शक्तियां परिवर्तन लाएंगी।

**श्री राजनारायण** : इसीलिए तो हम टिके है, इन्दिरा की चलती तो हमें खत्म करवा देती। समाज परिवर्तन होगा, इसीलिए राजनारायण टिके हुए हैं।

SHRI G. A. APPAN (Tamil Nadu) : Sir, on a point of order.

SHRI NAGESHWAR PRASAD SHAHI (Uttar Pradesh) : Sir, I am also on a point of order.

SHRI G. A. APPAN : No, no. How can he raise a point of order now ?

SHRI NAGESHWAR PRASAD SHAHI : How can he order Mr. Chandra Shekhar to sit down?

*(Interruptions)*

MR. DEPUTY CHAIRMAN : Mr. Appan, you will get a chance to put forth your point of order.

SHRI G. A. APPAN : I have to raise it. If the Chair gives me a chance after he finishes, I will sit down now.

**श्री राजनारायण** : देखिए, जैसा चन्द्रशेखर ने कहा, 15 अगस्त, 1947 को जवाहरलाल नेहरू ने इस देश को जहन्नुम में धकेल दिया, जवाहरलाल नेहरू ने देश का बंटवारा कराया, उनकी पार्टी ने करवाया। बाप और बेटी दोनों के चरित्रों का विश्लेषण हो। आल इंडिया रेडियो भ्रष्ट रेडियो है, यह इस देश को गर्त में ले जायेगा। हिन्दुस्तान पर जब चीन का हमला हुआ तो जवाहरलाल जी चीं चीं करने लगे। चन्द्रशेखर तब तुम्हारा रेडियो कहां था? आज इन्दिरा जो 4-6 लाख का कोट पहनती है वह समाजवादी है, हम पर फटी धोती नहीं है, हम पूंजीपति है। अप्रैल, 1948 को कांग्रेस को हमने ठोकर मारी, हम समाजवाद चला रहे है, जनतंत्र चला रहे हैं, हम हो गए पूंजीवादी और वह रानी, खूबसूरत वह हो गई समाजवादी। शर्म नहीं आती, चुल्लू भर पानी में डूब कर मर नहीं जाते, बात करते हो। *(Interruptions)* श्रीमती इन्दिरा गांधी रूस की गुलामी कर रही है। नेता जी को यहां नहीं आने दिया, ताकि प्रधान मंत्री बनी रहें।

**श्री उपसभापति** : राजनारायण जी, आप बैठ जाइए।

**श्री राजनारायण** : आप तमाशा कर रहे हैं। आप हमको बोलने के लिए रोक रहे हैं और चन्द्रशेखर जी को बोलने दे रहे हैं। अगर संसदीय परम्परा ईमानदार है, तो मैं कहना चाहता हूं और मैं चन्द्रशेखर जी से कहूंगा कि इन्होंने जो प्वाइन्ट उठाया है और जो प्वाइन्ट यहां उठे है, वे सदन में थ्रेश आउट हों... *(Interruptions)*... राजाओं की प्रथा कायम रखने की जिम्मेदारी किस पर है, जमींदारी उन्मूलन नहीं हुआ, जमीन का बंटवारा नहीं हुआ, इसकी जिम्मेदारी किस पर है, हरिजनों का उत्थान नहीं हुआ, इसकी जिम्मेदारी किस पर है...

*(Interruptions)*

**श्री उपसभापति** : यह बात ठीक नहीं है। मैंने चन्द्रशेखर जी को बोलने के लिए कहा है और वे अपनी बात खत्म करें। इस तरह से इन्टरप्ट करना और हाउस में गड़बड़ी पैदा करना बहुत अच्छा नहीं है। जब चन्द्रशेखर जी बोल रहे थे, तो आप बीच में न बोलें।

**श्री राजनारायण** : किस विषय पर श्री चन्द्रशेखर बोल रहे हैं।

**श्री उपसभापति** : उसी विषय पर बोल रहे हैं, जिस पर आप बोले हैं। आप बैठ जाइए।

**श्री राजनारायण** : मैं कहना चाहता हूं कि इस देश में हरिजनों का उत्थान क्यों नहीं हुआ ?...

(*Interruptions*)

**श्री चन्द्रशेखर** : उपसभापति जी, मैं यह कहना चाहता हूं कि राजनारायण जी पुराने विदूषक हैं...

(*Interruptions*)

**श्री राजनारायण** : पं० जवाहर लाल नेहरू की बेटी...

(*Interruptions*)

SHRI BALACHANDRA MENON (Kerala) : Two people are standing. I will also stand. Why should he go on speaking like this. It is unfortunate that you are allowing him to speak.

MR. DEPUTY CHAIRMAN : Order, please.

*Time bell rings.)*

SHRI S. D. MISRA : We would like to listen to Mr. Chandra Shekhar tomorrow.

SHRI M. N. KAUL (Nominated) : What will be the business tomorrow ?

MR. DEPUTY CHAIRMAN : It is now 5 P.M. and I think it is time for us to adjourn. The House stands adjourned till 11 A.M. tomorrow.

The House then adjourned at five of the clock till eleven of the clock on Friday, the 20th November, 1970.

MGIPRRND—SII—19 RS/70—9-3-71—570.